
## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# 26 करोड़ लोग भारत वर्ष में धूम्रपान के आदी

**कार्यशाला**

## तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत संवेदीकरण पर कार्यशाला आयोजित

**संवाददाता**

देहरादून। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत होटल पैसिफिक सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा बालाजी सेवा संस्थान के संयुक्त प्रयास से कोटपा–2003 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तरीय स्थापना संवेदीकरण एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न हुआ।

कार्यशाला में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का दीपप्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया, जिसमें प्रबन्ध निदेशक एनआरएचएम युगल किशोर पंत, पुलिस महानिरीक्षक अजय रौतेला, निदेशक एनआरएचएम डॉ अंजली नौटियाल समेत बालाजी सेवा संस्थान के निदेशक मण्डल उपस्थित हुए। इस एक दिवसीय कार्यशाला में तम्बाकू उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर कई सम्भ्रात व्यक्तियों द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये।




कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता व मंचासीन अधिकारी।

कार्यक्रम में एफ.सी.टी.सी द यूनियन के आशीष पाण्डेय ने भारत वर्ष में धूम्रपान से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा इसके दुष्प्रभावों से बचने के लिए समय–समय पर किये जा रहे कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि आज तेजी से युवा इस लत में घिर रहा है, जिससे छोटी उम्र में ही कैंसर जैसी बीमारियां जकड़ रही हैं। उन्होंने धूम्रपान नियंत्रण के लिए जनजागरूकता अभियान चलाये जाने पर जोर दिया तथा 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को धूम्रपान बिक्री पर रोक लगाये जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि युवाओं में तम्बाकू का उपयोग निम्न सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति, साथियों एवं भाई बहनों द्वारा तम्बाकू का उपयोग करने का समर्थन करना, फिल्मों में अभिनेता अभिनेत्रियों द्वारा धूम्रपान से प्रभावित होना, माता–पिता एवं अभिभावकों द्वारा धूम्रपान करना, स्वास्थ्य सम्बन्धी शिक्षा का अभाव होना, तम्बाकू उत्पादों तक आसान पंहुच होना, युवाओं में आत्म विश्वास की कमी होना जैसे कई कारक है, जिसके कारण युवा इसकी गिरफ्त में चला जा रहा है।

कार्यशाला में तम्बाकू से होने वाले विभिन्न बीमारियों की जानकारी प्रभारी एनटीसीपी डॉ फरीदुर्जफर ने अवगत कराया कि भारत वर्ष में 3.5 हजार व्यक्ति प्रतिदिन धूम्रपान से होने वाली बीमारियों से मरते है और 26 करोड़ लोग भारत वर्ष में धूम्रपान के आदी है। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में उप महानिरीक्षक अजय रौतेला ने बताया कि इसके लिए पुलिस के साथ ही सामाजिक संस्थाओं को भी आगे आना होगा। निदेशक एनएचएम डॉ अंजली नौटियाल ने युवाओं में बढ रही धूम्रपान की इस लत को कम करने के लिए स्कूल/कालेजों में धूम्रपान जनजागरूकता अभियान चलाये जाए।

## न्यूज डायरी

### सुरेश चन्द्र जोशी को निदेशक जनजाति निदेशालय का दायित्व भी सौंपा गया

**संवाददाता** देहरादून। शासन द्वारा सचिवालय सेवा के अधिकारी अपर सचिव मुख्यमंत्री सुरेश चन्द्र जोशी को निदेशक जनजाति निदेशालय का दायित्व भी सौंपा गया है। जबकि अपर सचिव रमेश कुमार को अपर सचिव श्रम, अपर सचिव बी.आर.टम्टा को निदेशक जनजाति, सुभाष चन्द्र को निदेशक सचिवालय प्रशिक्षण संस्थान के पद से अवमुक्त किया गया है। उनके शेष पदभार यथावत रहेंगे जबकि दिनेश चन्द्र भट्ट को अपर सचिव सचिवालय प्रशासन के पद से अवमुक्त करते हुए निदेशक सचिवालय प्रशिक्षण संस्थान बनाया गया है।

### चाकू के साथ शातिर धरा

**संवाददाता** देहरादून। ऋषिकेश थाना क्षेत्र के त्रिवेणी घाट चौक के पास से पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। तलाशी में उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। कोतवाली ऋषिकेश पुलिस द्वारा कोतवाली ऋषिकेश क्षेत्र मे अलग अलग पुलिस टीमे बनाकर क्षेत्र मे चैकिंग हेतु अलग अलग चयनित स्थानो पर रवाना किया गया था। गठित पुलिस टीम द्वारा त्रिवेणी घाट चौक के पास से चेकिंग के दौरान आरोपी जुल्फान अली निवासी ग्राम टीरा हजारा, थाना कलियर, जिला हरिद्वार को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना ऋषिकेश पर धारा 25/4 शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

### सर्वे में 79 प्रतिशत लोगों ने माना डिजिटल इंडिया के साथ रोजगार बढ़ेगा

**संवाददाता** देहरादून। एक व्यक्ति जिन्होंने डिजिटल इंडिया अभियान पर मुहर लगाने के साथ इस अभियान को लागू भी किया, उन्होंने एक बार फिर देश की राजनीति की बागडोर संभाल ली है। उनकी सरकार फिर से बनने के साथ ही डिजिटल स्पेस में चमत्कार होने की आशाओं ने भी गति पकड़ ली है। 79 प्रतिशत लोगों का दृढ़ विश्वास है कि वर्तमान सरकार के अगले पांच साल के कार्यकाल के दौरान डिजिटल इंडिया सभी क्षेत्रों में रोजगार बढ़ाकर, बेरोजगारी को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। यह बात विवोकी इंडिया, रिसर्च एनालिटिक्स और नॉलेज प्रोसेसिंग स्टार्टअप द्वारा महानगरों में रहने वाले 5000 लोगों के बीच किये गये लेटेस्टर सर्वे में सामने आयी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा किये गये आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए यह आशा अभूतपूर्व है जिसमें रोजगार बाजार में चिंताजनक रुझानों को उजागर करते हुए कहा गया था कि शहर में नौकरी चाहने वालों युवाओं के बीच बेरोजगारी की दर बढ़ रही है।

## नीति आयोग की बैठक में प्रतिभाग करेंगे सीएम

**चर्चा**

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली नीति आयोग की पांचवी गवर्निंग बॉडी की बैठक में प्रतिभाग करेंगे। मुख्यमंत्री राज्य से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर बैठक में अपने विचार रखेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह सहित शासन के उच्चाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया।



राज्य के मुद्दों को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते सीएम।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने निर्देश दिये कि प्रदेश में जल संवर्धन एवं जल संचय के क्षेत्र में किये गये प्रयासों, नदियों आदि के पानी के सोर्स का डाटा तैयार करने के साथ ही इस क्षेत्र की समस्याओं व समाधान का विवरण भी तैयार किया जाय।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने एमएसएमई, हाइड्रोपावर, आर्गेनिक फार्मिंग, ग्रोथ सेन्टर, कृषि को बढ़ावा देने के लिए किये जा रहे प्रयासों, जंगली जानवरों से खेती को हो रहे नुकसान को रोकने, मौसम की सटीक जानकारी हेतु प्रदेश में वेदर स्टेशनों की स्थापना जैसे विषयों पर भी विवरण तैयार करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री इसके अलावा राज्य से सम्बन्धित अन्य विषयों पर भी अपने विचार बैठक में रखेंगे।

## हिलग्रूव स्कूल झाझरा के समर कैंप का समापन



समर कैंप के समापन अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देते बच्चे।

**संवाददाता** देहरादून। हिलग्रूव स्कूल झाझरा में समर कैंप हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। आज इस शिविर का समापन हो गया। इसका उद्घाटन 3 जून को वरिष्ठ समाज सेविका रमनप्रीत कौर द्वारा किया गया था। शिविर के समापन समारोह के मौके पर स्कूल के प्रबंधक सतीश छाबड़ा, प्रिंसिपल वा हेड मिस्ट्रेस बीना छाबड़ा व डॉक्टर ललिता कोठियाल के साथ बीना अग्रवाल भारतनाट्यम गुरु, गगन अटवाल मुख्य सचिव कांग्रेस कमेटी मौजूद रहे। इस 10 दिवसीय कैंप में बच्चों ने सामाजिक, शारीरिक, मानसिक विकास को सीखा व साझा किया।

## हेमंत पांडेय ने किया विभूतियों को सम्मानित

### पेंटिंगस देख कर पांडेय हुए प्रफुल्लित, किए अनुभव साझा

**संवाददाता**

देहरादून। देहरादून कॉलेज ऑफ आर्ट की ओर से कम एंड मीट हेमंत पांडेय कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज में किया गया। जहां छात्रों ने न सिर्फ हेमंत पांडेय के साथ अनुभव साझा किए बल्कि समाज की कुछ सम्मानित विभूतियों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर हेमंत पांडेय ने कॉलेज के छात्रों के साथ उनके अनुभव साझा किए, आर्ट गैलरी विजिट की ओर पेंटिंग से संबंधित गुर भी सीखे। उन्होंने कहा कि छात्रों के साथ समय व्यतीत करना हमेशा से ही एक अनोखा अनुभव रहता है। इनके बीच बैठ कर अपने भी पुराने दिनों की याद ताजा हो जाती है।

इस अवसर पर उन्होंने समाज की कुछ सम्मानित हस्तियों को भी सम्मानित किया। जिनमें डारयेक्टर, राज कम्यूनिकेशन के




हेमंत पांडेय सम्मानित करते हुए।

राज छाबड़ा, जॉब रेवयूलेशन के शिशिर मोहन, बैगईट कंसल्टिंग ग्रुप की प्रिया गुलाटी, अध्यापिका रक्षिमा तोमर शामिल थे।

इस मौके पर कॉलेज के सीएमडी सुशांत आर्य ने कहा कि कॉलेज में हर तरह की प्रोफेशनल पेंटिंग बनानी सिखाई जाती है।

कॉलेज ने पिछले पांच सालों में कई प्रोफेशनल पेंटर दून को दिए है। यहां पर आर्ट गैलरी भी बनाई गई है जहां पर पिछले साल के पास आउट छात्रों एवं वर्तमान में शिक्षा ले रहे छात्रों की पेंटिंगस लगाई गई है।

## वर्ल्ड फिल्मों के रेट्रोस्पेक्टिव का आयोजन किया जाएगा

**संवाददाता** देहरादून। फिल्म फेस्टिवल (जेएफएफ) के 10वें संस्करण में वर्ल्ड फिल्मों के रेट्रोस्पेक्टिव का आयोजन किया जाएगा। इसमें मशहूर इरानी फिल्म निर्देशक, निर्माता, पटकथा लेखिका और रिसर्चर पौरान देराक्षांदेह के जीवन और कार्य का उत्सव मनाया जाएगा। 19 जुलाई को सिरीफोर्ट ऑडिटॉरियम में भारत के सबसे जानमाने फिल्म समीक्षक राजीव मसंद उनके साथ खास बातचीत करेंगे।

फिल्ममेकर की पुरस्कृत की गई बेहतरीन फिल्में जैसे 'हश! गर्ल्स डोंट स्क्रीम', 'अंडर द स्मोकी रुफ', 'इटर्नल चिल्ड्रन' और 'वेट ड्रीम' इस फेस्टिवल में प्रदर्शित की जाएंगी। उनकी फिल्में बाल यौन शोषण और महिलाओं के अधिकार जैसे सामाजिक मुद्दों पर आधारित होती है। पौरान देराक्षांदेह कहती है, "मैं फिल्म फेस्टिवल के 10वें संस्करण में यहां आकर बेहद खुशी महसूस कर रही हूं। वर्ल्ड सिनेमा के रिट्रोस्पेक्टिव सेक्शन में फेस्टिवल द्वारा मेरा चयन करने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। एक फिल्ममेकर के तौर पर मैं हमेशा भारत और उसके फिल्म इंडस्ट्री की हमेशा प्रशंसक रही हूं, जो अब दुनियाभर में नाम कमा रही है।